प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में विश्व दिव्यांग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा– केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रयासों से दिव्यांगजन कल्याण को मिली है नई गति।
2. केंद्र सरकार ने संचार साथी ऐप से जासूसी के दावों को किया खारिज : केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा– उपयोगकर्ता अपनी सुविधानुसार कर सकते हैं ऐप पर पंजीकरण।
3. प्रदेश भर म विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 82 प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा– समय से फॉर्म जमा कर अपनी ज़िम्मेदारी निभाएं मतदाता। और
4. काशी तमिल संगमम में तमिलनाडु के छात्र समूह ने जाना वाराणसी के प्राचीन मंदिरों का इतिहास : कल अयोध्या की सांस्कृतिक भव्यता से रूबरू होगा यह प्रतिनिधि दल।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर आज लखनऊ में तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण में उल्लेखनीय काम करने वाले लोगों, संस्थाओं और दिव्यांग कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित

करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों को लाभांवित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। बाइट.....

*एक लंबे समय तक दिव्यांगजन शासन की सुविधाओं से वंचित रहे। 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के अंदर 8 लाख के आसपास दिव्यांग जनों को मात्र पेंशन मिलती थी और वह भी ₹300 महीना लेकिन आज उत्तर प्रदेश सरकार ने पेंशन की राशि को 8 लाख से बढ़ाकर 11 लाख से अधिक दिव्यांग जनों को आज हम पेंशन की सुविधा का लाभ दे रहे हैं। राशि 300 से बढ़ाकर के ₹1000 भी कर दिया गया है और राशि सीधे उसके खाते में जा रही है।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में संस्थापक सप्ताह समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंडाल व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था और तकनीकी सेटअप की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम स्थल पर साफ–सफाई, यातायात नियंत्रण और मेडिकल सुविधाओं की व्यवस्था पूरी तरह चुस्त–दुरुस्त रहे। इस समारोह का आयोजन कल से 10 दिसंबर तक होगा ।

——————————

केंद्र सरकार ने साइबर धोखाधड़ी के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को रोकने और साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचार साथी ऐप लांच किया

है। हालांकि संचार साथी एप को बढती स्वीकार्यता को देखते हुए सरकार ने मोबाइल फोन निर्माता कंपनियो के लिए इस एप को पहले से इन्सटॉल करने को अनिवार्य नहीं बनाने का फैसला लिया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नागरिक जब चाहे इस एप को हटा सकते हैं। इस एप का उद्देश्य सिर्फ उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा है।

उधर केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि संचार साथी ऐप से किसी तरह की जासूसी संभव नहीं है। श्री सिंधिया ने स्पष्ट किया कि उपयोगकर्ता अपनी सुविधानुसार पंजीकरण करके ऐप को सक्रिय कर सकते हैं और इससे लाभांवित हो सकते हैं।

*संचार साथी पोर्टल की हमने शुरूआत की थी 2023 में और संचार साथी ऐप का प्रयोग हमने 2025 में शुरूआत की है। संचार साथी ऐसा ऐप है जिसके आधार पर जनभागीदारी के आधार पर आज देश की एक–एक जनता, नागरिक अपने आप को सुरक्षित रख सकता है फ्रॉड से, स्टोलन मोबाइल से, अपने स्टोलन मोबाइल को रिकॉर्ड कर सकता है, रिपोर्ट कर सकता है।*

———————————

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बहराइच–जरवर रोड नई रेल लाइन का सर्वेक्षण पूरा हो चुका है और इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी तैयार कर ली गई है। कल लोक सभा में उन्होंने बताया कि वर्तमान में बहराइच और जरवल रोड गोंडा जंक्शन के

माध्यम से रेल नेटवर्क से जुड़े हुए हैं, लेकिन नई सीधी रेल लाइन के निर्माण से इस क्षेत्र को तेज, सुगम और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

——————————

प्रदेश भर में विशेष गहन पुनरीक्षण का काम तेज़ी से पूरा किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में अब तक 12 करोड़ 69 लाख से अधिक यानी लगभग 82 प्रतिशत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा किया जा चुका है। साथ ही 28 हज़ार 491 बूथों पर शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्धारित समय में प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने एसआईआर की निर्धारित समय सीमा बढ़ाकर 11 दिसम्बर 2025 तक कर दी है। उन्होंने अपील की है कि सभी मतदाता समय सीमा के अंदर ही अपना गणना प्रपत्र बीएलओ को उपलब्ध करा दें जिससे उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज किया जा सके।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने आज यूपी कैडर के प्रशिक्षु आई.पी.एस. अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। श्री प्रसाद ने प्रशिक्षु अधिकारियों को अपनी बेहतर कार्य शैली से आम जन के बीच पुलिस की बेहतर छवि बनाने और जनसुनवाई के दौरान आगन्तुकों से विनम्र व्यवहार करने की सीख दी।

——————————

शिक्षा मंत्रालय की ओर से वाराणसी में आयोजित काशी तमिल संगमम, काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने संबंधों को और मज़बूत करेगा। तमिलनाडु से आए पहले प्रतिनिधिमंडल ने आज कई गतिविधियों में भाग लिया। पेश है एक रिपोर्ट.....

*तमिलनाडु से काशी आए छात्र समूह ने आज सुबह गंगा स्नान किया और गंगा के विभिन्न घाटों के इतिहास को जाना। इस दौरान दल ने घाट पर स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन–पूजन किया। वाराणसी में दक्षिण भारतीय मंदिर कांचीमठ को देखकर छात्रों का यह समूह काफी उत्साहित दिखा। काशी तमिल संगमम् में आज नमोघाट पर छात्रों के लिए विशेष शैक्षिक सत्र का भी आयोजन किया गया। यहां छात्रों को तमिल भाषा, लोक कथाओं और दक्षिण भारतीय सांस्कृतिक वैभव से परिचित कराने के लिए तमिल लोक कथाएं सुनाई गईं।इस वर्ष कार्यक्रम की थीम तमिल करकलाम यानी तमिल*

*सीखें रखी गई है, जिसका उद्देश्य बच्चों को तमिल भाषा, लोक कथाओं और दक्षिण भारतीय सांस्कृतिक वैभव से परिचित कराना है। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

आयोजन में आए प्रतिभागियों के विभिन्न दल अयोध्या में भी दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे। इसको लेकर ज़िला प्रशासन ने तैयारियाँ तेज कर दी हैं। अयोध्या के ज़िलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि अयोध्या में कल से इन प्रतिभागियों का आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इन अतिथियों का भव्य स्वागत किया जाएगा और अयोध्या की सांस्कृतिक भव्यता से रूबरू कराया जाएगा। बाइट.....

*काशी तमिल संगमम् का शुभारंभ कल माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलो द्वारा जनपद वाराणसी में किया गया है। उसी के क्रम में जनपद अयोध्या में 4 तारीख से लगभग सात ग्रुप विभिन्न तिथियों पर 15 तारीख तक आएंगे। इन सभी अतिथियों का हम लोगों द्वारा एक भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्हें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दिखाई जाएगी और साथ ही साथ यहां के प्रमुख मंदिरों में और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर ले जाया जाएगा।*

————————

प्रदेश का समाज कल्याण विभाग पीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा—2025 के उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग कार्यक्रम शुरू करेगा। यह विशेष प्रशिक्षण सत्र लखनऊ के छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान क भागीदारी भवन में संचालित होगा। पेश है एक रिपोर्ट.....

*भागीदारी भवन के संयुक्त निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि यह सुविधा केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध है। इसके तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी, जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक न हो और जो यूपीपीसीएस प्रारम्भिक परीक्षा–2025 में उत्तीर्ण हों, उन्हें लेटरल एंट्री के माध्यम से कोचिंग में प्रवेश मिलेगा। आवेदन के समय प्रारम्भिक परीक्षा प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और शैक्षिक प्रमाण पत्रों की प्रतियां जमा करनी होंगी। इसके अलावा 2000 रुपये कीकॉशन मनी जमा कर संस्थान में प्रवेश लिया जा सकेगा। दस्तावेजों की जांच बाद प्रवेश प्रदान किया जाएगा। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

———————

अयोध्या में आज डोगरा रेजीमेंट सेंटर में प्रशिक्षित अग्निवीरों के छठे बैच की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। कायक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल प्रिंस दुग्गल ने परेड का निरीक्षण करते हुए जवानों के आत्मविश्वास और प्रशिक्षण के स्तर की सराहना की।

———————

कुशीनगर के कसया थाना क्षेत्र में हुए सडक हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दस अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना जताते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए है।

(समाप्त)